Further, one Sri Jagdish Chandra Nigam whose case was identical to the case of claimant, filed a Special Appeal No.48 (SB) of 1997, allowed by means of judgment and order dated 18.12.2000 (reported in 2000CJ(All) 309), the relevant portion, quoted below:-

> *"18. The appeal is allowed. The judgment and order passed by the Hon'ble the single Judge is set aside to the extent, the observations made in the foregoing paragraph of this judgment. But we provide that in case the appellant deposits the entire amount which he has received through cheque dated March 12, 1994 alongwith interest at the rate of 12% with Scooters India Limited, as well as other benefits which might have been given to the appellant within four weeks from the date of production of the certified copy of this order, the appellant will be reinstated in service. But considering the facts and circumstances of the case, we further provide that the appellant will not be entitled for payment of back wages.*
>
> *19. As far as the case of the petitioners of other writ petitions are concerned, the fact of those writ petitioners are not exactly identical to the facts which have been indicated in the present Special Appeal. But as this Court has decided the present Special Appeal more or less on same propositions of law although the fact might be different, we heard the arguments of the learned counsel for the parties in all the writ petitions alongwith special appeal, which are connected with this special appeal as well.*
>
> *20. As we have already indicated that those employees who withdrew their application for voluntary retirement before the prospective date mentioned in the original application for voluntary retirement, shall he entitled for the relief. But those persons, who have not withdrawn their voluntary retirement before the prospective date, would not be entitled for any relief.*
>
> *21. We further provide that those petitioners, who opted for the Voluntary Retirement Scheme from a prospective date and withdrew their resignations before the said prospective date, but were, relieved by the management of the Scooters India Ltd. would be entitled to the relief as Jagdish Chandra Nigam has been provided, provided they filed the writ petitions within one month from the date of the relieving orders. If they had filed the writ petition after one month from the date of relieving orders, they would not be entitled for any relief.*
>
> *22. With the aforesaid observations, the Special Appeal as well as all the writ petitions are disposed of*."

Judgment/order dated 18.12.2000 challenged by way of filing a S.L.P. having Special Leave Petition (Civil) No.10352/2001 (M/s. Scooters India Ltd & others versus Jagdish Chandra Nigam) along with other S.L.P.s which were connected. In the above noted S.L.P. an order dated 12.2.2004 was passed by the Hon'ble Supreme Court which reads as under:-

> "*Leave Granted.*
>
> *For the reasons stated in our order passed today in C.A. No.4098/2002, this appeal is allowed.*
>
> *The order and judgment under challenge is set aside. There shall be no order as to costs*."

Thus, as per the order passed by the Hon'ble Supreme Court, the S.L.P. filed by M/s. Scooters India Limited was allowed and judgment and order passed in the case of Special Appeal filed by Sri Jagdish Chandra Nigam was set aside/S.L.P. filed by Sri Jagdish Chandra Nigam was dismissed.

Moreover order passed by the Hon'ble Supreme Court in Special Leave Petition (Civil) No.10352/2001 (M/s. Scooters India Ltd & others versus Jagdish Chandra Nigam) based upon order dated 12.2.2004 passed by the Hon'ble Supreme Court in C.A. No.4098 of 2002 (Bank of India & others Vs. Pale Ram Dhania), reproduced below:-

"1. It is not disputed that the appellant Bank introduced a Voluntary Retirement Scheme, 2000 (herein referred to as "the Scheme") for its employees which had the approval of its Board of Directors. The Scheme was operative w.e.f. November 15, 2000 to December 14, 2000 for the employees who sought voluntary retirement. It is not disputed that the respondent herein who was an employee of the appellant Bank sought voluntary retirement under the Scheme on November 30, 2000. It is also not disputed that on December 2, 2000 he wrote to the Bank for withdrawal of his application for voluntary retirement. On January 22, 2001, the appellant Bank accepted the request for voluntary retirement of the respondent. Further, on January 25, 2001, the respondent withdrew the retiral benefits deposited in the Bank in his name as per voluntary retirement. It appears that the respondent changed his mind after the respondent was relieved from the employment and he filed a petition under Article 226 of the Constitution challenging the acceptance of his request for voluntary retirement. A learned Single Judge of the High Court allowed the petition and set aside the acceptance of the application for voluntary retirement submitted by the respondent. Aggrieved, the appellants preferred a letters patent appeal which was dismissed. It is against the said judgment, the appellants are in appeal before us.

2. A Bench of three Judges of this Court in Punjab National Bank v. Virender Kumar Goel , has held that an employee who sought voluntary retirement and subsequently wrote for its withdrawal but has withdrawn the amount of retiral benefits as per the Voluntary Retirement Scheme, is not entitled to the withdrawal of his application for voluntary retirement. It is not disputed that in the present case the respondent herein withdrew the amount of retiral benefits on January 25, 2001.

3. For the aforesaid reason, this appeal deserves to be allowed. We order accordingly. The order and judgment under challenge is set aside. There shall be no order as to costs".

In Review Petition (Civil) No.53 of 2003 arising out of Appeal (Civil) No.896 of 2002 (Punjab National Bank Versus Virender Kumar Goel & others), the Hon'ble Supreme Court on 21.1.2004 passed an order. The relevant of order dated 21.1.2004 reads as under:-

"I.A.NOS. 1-22

These applications have been filed by the State Bank of Patiala for clarification/directions. The ground taken in these applications is that the State Bank of Patiala is not a nationalised bank. It is hundred per cent a subsidiary of the State Bank of India. The VRS scheme floated by the State Bank of Patiala is in para-materia with the scheme floated by the State Bank of India. This Court in the judgment dated 17.12.2002 allowed the appeals filed by the State Bank of India but nothing has been said about the appeals filed by the State Bank of Patiala. In the interregnum, a two-Judge Bench of this Court, in which one of us (Sema, J) was a member, considered the same question in Civil Appeal No. 2341 of 2003 arising out of Special Leave Petition No. 23530 of 2002 entitled State Bank of Patiala Vs. Jagga Singh, disposed of on 13.3.2003, where this Court after considering Clause 8 of the scheme floated by the State Bank of Patiala and Clause 7 of the scheme floated by the State Bank of India, had held that the scheme floated by the State Bank of Patiala is almost identical of the scheme floated by the State Bank of India. Accordingly, the appeal filed by the State Bank of Patiala was allowed. Review Petition was also dismissed on 3.12.2003. In view thereof, we clarify that our direction No.2, allowing the appeals filed by the State Bank of India, would also include the appeals filed by the State Bank of Patiala. In other words, the appeals filed by the State Bank of Patiala are allowed in terms of our judgment dated 17.12.2002. I.A.NOS. 14-15 I.A.No.14 has been filed by an employee of the bank sought to clarify/modify our order dated 17.12.2002. In this case, admittedly, the benefit of the scheme had been withdrawn by the applicant on 27.2.2001. The applicant had clearly admitted, in ground E of the application, withdrawal of the amount so credited in his account, albeit compelling financial constraints.

I.A.No.15 has been filed by an employee of the bank for clarification/modification of our order dated 17.12.2002. In para 6 of the application, the applicant admitted that he had withdrawn and utilised the benefit of the scheme credited in his account.

As noticed in our judgment, having accepted the benefit under the scheme by withdrawing and utilisation thereof they are not permitted to approbate and reprobate."

Moreover Sri J.C. Nigam filed a Review Petition (Civil) No.747 of 2004 in C.A. No.1089 of 2004 (J.C. Nigam Versus M/s. Scooter India Limited & others) before the Hon'ble Supreme Court in which the following order dated 28.4.2004 passed:-

"*We do not filed any merit in the review petition and the same is accordingly dismissed*."

Thereafter, Sri J.C. Nigam filed a Curative Petition No.152 of 2008 against order dated 28.4.2004 passed in Review Petition (Civil) No.747 of 2004 which was dismissed by an order dated 20.1.2009, quoted below:-

"*We have perused the petition and the connected papers. In our view, no case is made out within the parameters indicated in the decision of this Court in Rupa Ashok Hurra Vs. Ashok Hurra & Anr. 2002(4) SCC 388. Hence, the Curative Petition is dismissed*."

In addition to the above said facts, Hon'ble the Apex Court in the constitution bench in the case of ***Rupa Ashok Hurra Versus Ashok Hurra & Anr, reported in 2002(4) SCC 388*** held as under:-

"Incidentally, this Court stands out to be an avenue for redressal of grievance not only in its revisional jurisdiction as conferred by the Constitution but as a platform and forum for every grievance in the country and it is on this context Mr.Shanti Bhushan, appearing in support of the some of the petitioners, submitted that the Supreme Court in its journey for over 50 years has been able to obtain the confidence of the people of the country, whenever the same is required be it the atrocities of the police or a public grievance pertaining to a governmental action involving multitudes of problems. It is the Supreme Court, Mr. Shanti Bhushan contended, where the people feel confident that justice is above all and would be able to obtain justice in its true form and sphere and this is beyond all controversies. It has been contended that finality of the proceeding after an Order of the Supreme Court, there should be, but that does not preclude or said to preclude this Court from going into the factum of the petition for gross injustice caused by an Order of the Supreme Court itself under the inherent power being an authority to correct its errors any other view should not and ought not be allowed to be continued. Needless to record here, however, that review jurisdiction stand foisted upon this Court in terms of the provisions of the Constitution, as noticed hereinbefore and it is also well-settled that a second review petition cannot be said to maintainable. Reference maybe made in this context to a decision of this Court in the case of J.Ranga Swamy v. Govt. of A.P. & Ors. (AIR 1990 SC 535), wherein this Court in paragraph 3 stated as below :-

> *"We are clearly of the opinion that these applications are not maintainable. The petitioner, who appeared in person, referred to the judgment in Antulay's case (1988) 2 SCC 602 : (AIR 1988 SC 1531). We are, however, of the opinion that the principle of that case is not applicable here. All the points which the petitioner urged regarding the constitutionality of the Government orders in question as well as the appointment of respondent instead of petitioner to the post in question had been urged before the Bench, which heard the civil appeal and writ petitions originally. The petitioner himself stated that he was heard by the Bench at some length. It is, therefore, clear that the matters were disposed of after a consideration of all the points urged by the petitioner and the mere fact that the order does not discuss the contentions or give reasons cannot entitle the petitioner to have what is virtually a second review."*

True, due regard shall have to have as regards opinion of the Court in Ranga Swamy (supra), but the situation presently centres round that in the event of there being any manifest injustice would the doctrine of ex debito justitiae be said to be having a role to play in sheer passivity or to rise above the ordinary heights as it preaches that justice is above all. The second alternative seems to be in consonance with time and present phase of socio-economic conditions of the society. Manifest justice is curable in nature rather than incurable and this court would lose its sanctity and thus would belie the expectations of the founding fathers that justice is above all. There is no manner of doubt that procedural law/procedural justice cannot overreach the concept of justice and in the event an Order stands out to create manifest injustice, would the same be allowed to remain in silenco so as to affect the parties perpetually or the concept of justice ought to activate the Court to find a way out to resolve the erroneous approach to the problem. Mr. Attorney General, with all the emphasis in his command, though principally agreed that justice of the situation needs to be looked into and relief be granted if so required but on the same breath submitted that the Court ought to be careful enough to trade on the path, otherwise the same will open up Pandora's box and thus, if at all, in rarest of the rare cases the further scrutiny may be made. While it is true that law courts has overburdened itself with the litigation and delay in disposal of matters in the subcontinent is not unknown and in the event of any further appraisal of the matter by this Court, it would brook on further delay resulting in consequences which are not far to see but that would by itself not in my view deter this Court from further appraisal of the matter in the event the same, however, deserve such an additional appraisal The note of caution sounded by Mr. Attorney as regards opening up of pandora's box strictly speaking, however, though may be of very practical in nature but the same apparently does not seem to go well with the concept of justice as adumbrated in our constitution. True it is, that practicability of the situation needs a serious consideration more so when this Court could do without it for more than 50 years, which by no stretch of imagination can be said to be a period not so short. I feel it necessary, however, to add that it is not that we are not concerned with the consequences of reopening of the issue but the redeeming feature of our justice delivery system, as is prevalent in the country, is adherence to proper and effective administration of justice

in stricto. In the event there is any affectation of such an administration of justice either by way of infraction of natural justice or an order being passed wholly without jurisdiction or affectation of public confidence as regards the doctrine of integrity in the justice delivery system technicality ought not to out-weigh the course of justice the same being the true effect of the doctrine of ex debito justitiae. The oft quoted statement of law of Lord Hewart, CJ in R v. Susssex Justices, ex p McCarthy (1924 (1) KB 256) that it is of fundamental importance that justice should not only be done, should manifestly and undoubtedly be seem to be done had this doctrine underlined and administered therein. In this context, the decision of the House of Lords in R v. Bow Street Metropolitan Stipendiary Magistrate and others, ex parte Pinochet Ugarte (No.2) seem to be an ipoc making decision, wherein public confidence on the judiciary is said to be the basic criteria of the justice delivery system any act or action even if it a passive one, if erodes or even likely to erode the ethics of judiciary, matter needs a further look. Brother Quadri has taken very great pains to formulate the steps to be taken and the methodology therefor, in the event of there being an infraction of the concept of justice, as such further dilation would be an unnecessary exercise which I wish to avoid since I have already recorded my concurrence therewith excepting, however, lastly that curative petitions ought to be treated as a rarity rather than regular and the appreciation of the Court shall have to be upon proper circumspection having regard to the three basic features of our justice delivery system to wit, the order being in contravention of the doctrine of natural justice or without jurisdiction or in the event of there is even a likelihood of public confidence being shaken by reason of the association or closeness of a judge with the subject matter in dispute. In my view, it is now time that procedural justice system should give way to the conceptual justice system and efforts of the law Court ought to be so directed. Gone are the days where implementation of draconian system of law or interpretation thereof were insisted upon - Flexibility of the law Courts presently are its greatest virtue and as such justice oriented approach is the need of the day to strive and forge ahead in the 21st century."

Thus, from the above said facts and the material on record, as the present industrial dispute stands on the same footing as of Sri Jagdish Chandra Nigam, so in view of the judgment passed Hon'ble Supreme Court in the case of Sri Jagdish Chandra Nigam thereafter in Review Petition and Curative Petition, by him which were also dismissed.

Accordingly, preliminary objection taken by learned counsel for respondent are allowed and claim petition filed by claimant liable to be dismissed.

ORDER

For the foregoing reasons the present industrial dispute is dismissed, workman is not entitled for any relief; and the reference is answered accordingly.

Lucknow. 21st June, 2024

Justice ANIL KUMAR Presiding Officer

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2089.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **हिंदुस्तान ज़िंक** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री कैलाश** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न.- 20/2015)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था I

[सं. जेड-16025/04/2024-आईआर(एम)-134]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2089.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 20/2015)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Hindustan Zinc** and **Shri Kailash** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. Z-16025/04/2024-IR(M)-134]

DILIP KUMAR, Under Secy.

अनुलग्नक

श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा

पीठासीन अधिकारीः **श्री सशील कुमार शर्मा,** (जिला न्यायाधीश संवर्ग)

प्रकरण संख्या : 20 सन् 2015

श्री कैलाश पुत्र. श्री गोपाल दरोगा, द्वारा– .

न्यू जिंक आदर्श कर्मचारी वेलफेयर यूनियन, .

सतपाल नगर, पो0–आगुचा, तह0–हुरडा, जिला–भीलवाडा।

.प्रार्थी

: **बनाम** :

प्रबंधक, हिन्दुस्तान जिंक लि., रामपुरा–आगुचा माईन्स, भीलवाडा। .

विपक्षी

उपस्थित :

श्री चितरंजन पांडे, अधिवक्ता–प्रार्थी की ओर से। .

श्री आर. सी. चेचाणी, अधिवक्ता–विपक्षी की ओर से।

:: **पंचाट** :: दिनांक : 13.08.2024

प्रार्थी श्रमिक ने विपक्षी के विरूद्ध सेवा पृथककरण बाबत अपना विवाद सुलह अधिकारी एवं सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), अजमेर के समक्ष पेश किया, जहां कोई समझौता नहीं होने के कारण सुलह अधिकारी द्वारा क्रमांकः F. No. AJ-5[26]/2014-ALC दिनांक 5.1.2015 को अपना विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश प्रार्थी को दिये गये। तत्पश्चात् प्रार्थी ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे पंचाट में आगे अधि0 1947 से सम्बोधित किया जायेगा) की धारा 2 (ए) के तहत यह विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश किया।

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया गया है कि उसका चयन विपक्षी द्वारा खान अधि0 1952 के तहत चयन समिति द्वारा बतौर फीटर किया गया तथा उसने दिनाक 7.6.2007 से विपक्षी संस्थान में कार्य करना प्रारंभ किया। तत्पश्चात् उसे एम.एल.गुप्ता प्रा.लि0 कंपनी, आकृति कंपनी आदि कंपनियों के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया। जहां उसनें 15.3.2012 तक काम किया। इसके बाद उसे दिनाक 16.3.2012 को सेवा पृथक कर दिया गया। अधि0 1947 की धारा 25–बी के तहत उसका नियोजन 'नियमित नियोजन' की तारीफ में आता है। उसका इ. पी.एफ. नं0 आरजे/1272/739656 है। खान में कार्य करने हेतु ठेकेदार व अन्य कंपनियां अंतराल से बदलती रहती है। ठेकेदार केवल सुपरवाईर ही है, नियोजक नहीं है। मास्टर कंपनी ही नियोजक है। उसे यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने के कारण द्वेषतावश दिनाक 16.3.2012 से कार्य पर नहीं लिया गया। प्रार्थी ने समस्त वेतन परिलाभों सहित पुनः सेवा में पुनः नियोजित करवाने का निवेदन किया।

विपक्षी की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि उन्होंने प्रार्थी को कभी भी नियोजित नहीं किया। प्रार्थी ने शांतिस्वरूप कन्स्ट्रक्शन कंपनी व धनसार कंपनी के निर्देशन में कार्य करना बताया है, लेकिन उक्त कंपनी मामले में पक्षकार नहीं है। केन्द्र सरकार ने प्रार्थी व विपक्षी के मध्य नियोजक एवं नियोजिती के संबंध नहीं मानकर पक्षकारों के मध्य कोई औद्योगिक विवाद अस्तित्व में होना नहीं माना है, जिसे प्रार्थी ने चुनौती नहीं दी है। क्लेम प्रार्थना पत्र खारिज करने की प्रार्थना की गई।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य में ए ड 1 कैलाश के शपथपत्र पर बयान दर्ज करवाये गये।

विपक्षी की ओर से कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई।

बहस अंतिम सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी ने क्लेम प्रार्थना पत्र में

उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वांछित अनुतोष दिलाने का निवेदन किया।

इसके विपरीत विपक्षी के अधिवक्ता ने यह बताया कि प्रार्थी उनका श्रमिक नहीं था। प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं।

हमनें संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया और विचार किया।

सर्वप्रथम यहां यह देखना है कि क्या प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध रहे हैं?

इस संबंध में न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 11 (पंजाब एंड हरियाणा) महिन्द्रा एंड महिन्द्रा बनाम पीठासीन अधिकारी उल्लेखनीय है, जिसमें मान. उच्च न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि यदि कर्मचारी सीधे रूप से ठेकेदार के अधीन कार्य करता है तो उस पर संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधि0, 1970 लागू होगा एवं श्रमिक व नियोजक के सबंध स्थापित करने का भार कर्मकार पर होगा।

इस संबंध में हस्तगत प्रकरण पर विचार करें तो प्रार्थी ने अपने क्लेम प्रार्थनापत्र में यह कहा है कि उसे विपक्षी द्वारा फीटर के पद पर चयनित कर नियोजन में रखा गया–तत्पश्चात् हिन्दुस्तान जिंक लि0 के निर्देशन में कार्य हेतु उसे स्थानांतरित किया गया। इसके बाद एम.एल.गुप्ता प्रा.लि0, आकृति कंपनी,जयहिंद प्रा.लि. कंपनी,सपना प्रा.लि. कंपनी के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया। विपक्षी की ओर से की गई जिरह में गवाह ने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि हिन्दुस्तान जिंक वाले प्रार्थनापत्र की पैरा सं0 एक में वर्णित कंपनियों में काम करने के लिए भेजते थे। इनके अलावा भी कई कंपनियों में हिन्दुस्तान जिंक हमें काम करने के लिए भेजती थी। आगे जिरह में प्रार्थी ने स्पष्ट रूप से कहा है कि उसके पास हिन्दुस्तान जिंक का कोई नियुक्तिपत्र नहीं है। इस प्रकार प्रार्थी अपने पास विपक्षी का कोई नियुक्ति पत्र, नहीं होना स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी के यहां अपने नियोजन को साबित करने के लिए स्वयं के शपथपत्र के अतिरिक्त अन्यकोई साक्ष्य पेश नहीं की गई है। दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में प्रार्थी की ओर से प्रदर्श 1–ए अंशदायी भविष्य निधि लेखा की प्रतिं को अवश्य प्रदर्शित करवाया गया है, जो वर्ष 2008–2009 की अवधि की होकर सेवा पृथक की बताई जा रही तिथि 16.3.2012 से काफी समय पूर्व की अवधि का होने से उक्त दस्तावेज हस्तगत मामले में सुसंगत भी नहीं है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी ने प्रदर्श 2 असफल वार्ता प्रतिवेदन को भी प्रदर्शित करवाया है, जिसमें भी प्रार्थी के द्वारा विपक्षी के अधीन नियोजित होकर काम करने का कोई अंकन नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत उक्त दस्तावेजों से प्रार्थी को कोई सहायता नहीं मिलती है।

प्रार्थी के द्वारा अपने क्लेम प्रार्थनापत्र में किये गये अभिवचनों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में विपक्षी द्वारा जारी नियुक्तिपत्र, गेटपास, पे–स्लीप आदि कोई भी ऐसा दस्तावेज पेश नहीं किया है, जिससे उसके कथनों पर विश्वास किया जा सके। प्रार्थी को यदि विपक्षी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा नियोजित किया गया होता तो उसके द्वारा नियुक्तिपत्र, पे–स्लीप या स्वयं के बैंक खाते की पासबुक आदि पेश कर यह साबित करवाया जा सकता था कि उसे विपक्षी द्वारा ही नियोजित किया गया है तथा वे ही उसे वेतन देते थे, लेकिन प्रार्थी की ओर से ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा मात्र मौखिक रूप से यह कह देने से कि उसे विपक्षी हिन्दुस्तान जिंक ने नियोजित किया, को सत्य एवं विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है। गौरतलब है कि स्वयं प्रार्थी ने अपने क्लेम प्रार्थना की मद सं0 एक में ही यह अंकित किया है कि उसे इसके बाद एम.एल.गुप्ता प्रा.लि0, आकृति कंपनी,जयहिंद प्रा.लि. कंपनी,सपना प्रा.लि. कंपनी के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया, जिससे भी यह माना जा सकता है कि प्रार्थी ने उक्त ठेकेदार कंपनीं के अधीन व उनके निर्देशन में ही विपक्षी के यहां कुछ समय तक काम किया होगा, लेकिन प्रार्थी ने उसके द्वारा बताई जा रही लम्बी अवधि तक विपक्षी के नियोजन में कार्य किया हो और उसके पास नियोजन के संबध में कोई दस्तावेज नहीं हो, ऐसा संभव नहीं माना जा सकता है।

स्वयं प्रार्थी के अभिवचनो से ही यही प्रकट हो रहा है कि प्रार्थी ने अन्य ठेकेदार कंपनी– एम.एल.गुप्ता प्रा.लि0, आकृति कंपनी,जयहिंद प्रा.लि. कंपनी,सपना प्रा.लि. कंपनी के माध्यम से कुछ समय तक विपक्षी संस्थान में कार्य किया होगा तथा उसने सीधे तौर पर विपक्षी के अधीन कार्य किया हो, ऐसा साबित नहीं पाया जाता है। वेतन भुगतान के संबंध में यद्यपि प्रार्थी अपनी जिरह में यह कहता है कि उसे वेतन भुगतान विपक्षी के द्वारा किया जाता था, लेकिन इस संबंध में उसने लेशमात्र भी दस्तावेजी साक्ष्य –पे स्लीप, स्वयं के बैंक खाते की पास बुक आदि पेश नहीं की है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी को विपक्षी के द्वारा सीधे तौर पर वेतन भुगतान किया जाना भी साबित नहीं पाया जाता है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी संस्थान के सीधे नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करने के संबंध में स्वयं की मौखिक साक्ष्य के अतिरिक्त कोई ठोस दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं की गई है। अतः प्रस्तुत साक्ष्य से प्रार्थी को विपक्षी के प्रत्यक्ष नियोजन में नियोजित होना नहीं माना जा सकता है। प्रार्थी द्वारा ऐसी कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई है जिससे प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना प्रकट होता हो। ऐसी स्थिति में मेरे विनम्र मत में हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 11 (पंजाब एंड हरियाणा) महिन्द्रा एंड महिन्द्रा बनाम पीठासीन अधिकारी पूर्णतः लागू होता है।

हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2011 एल एल आर पेज 113 (एस.सी.) जनरल मैनेजर (ओ एस डी), बंगाल नागपुर कॉटन मिल्स, राजनांदगांव बनाम भरतलाल वगैरह उल्लेखनीय है, जिसमें मान0 उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मचारी तथा नियोक्ता के संबंध स्थापित होने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारी न्यायालय में यह साबित करे कि उसे सीधे कंपनी से वेतन मिलता था, न कि ठेकेदार से, लेकिन हस्तगत प्रकरण में प्रार्थी ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया है जिससे यह साबित हो सके कि उसे विपक्षी से वेतन मिलता हो।

न्यायिक दृष्टांत 2014 एल एल आर पेज 753 (राज0)घीसा खां बनाम श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण, अजमेर वगैरह में मान0 उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मकार तथा नियोजक के मध्य कर्मकार–नियोजक का संबंध था, इस तथ्य को साबित करने का भार कर्मकार पर है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी द्वारा जारी कोई नियुक्तिपत्र, पे–स्लीप आदि पेश नहीं की गई है, जिससे उसका विपक्षी से श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना साबित होता हो। विचाराधीन मामले में प्रस्तुत साक्ष्य से प्रार्थी, विपक्षी से कर्मकार एवं नियोजक का संबंध स्थापित होना साबित करने में असफल रहा है।

हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2018 एल एल आर पेज 515 भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लि0 बनाम महेन्द्र प्रसाद व अन्य भी उल्लेखनीय है, जिसमें में मान0 उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मचारी तथा नियोक्ता का संबंध देखने के लिए 6 बातें होना आवश्यक है, जिसमें 1–कर्मचारी को कौन नियुक्त करता है, 2–कर्मचारी को वेतन आदि कौन देता है, 3–कर्मचारी को पदच्युत करने का अधिकार किसके पास है, 4– कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कौन कर सकता है, 5– सेवा की निरंतरता तथा 6–कर्मचारी पर नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण कौन करता है।

उपर विवेचन के दौरान यह साबित माना गया है कि प्रार्थी को विपक्षी द्वारा न तो नियोजित किया गया, न उसे वेतन विपक्षी द्वारा दिया जाता था। अतः उक्त न्यायिक दृष्टांत 2018 एल एल आर पेज 515 भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लि0 बनाम महेन्द्र प्रसाद व अन्य के परिपेक्ष्य में भी प्रार्थी व विपक्षीगण के मध्य श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना नहीं माना जा सकता।

प्रार्थी ने नियोजन के संबंध में मात्र अंशदायी भविष्य निधि का लेखा प्रदर्श 1–ए की प्रतिं को अवश्य प्रदर्शित करवाया गया है, जो वर्ष 2008–2009 की अवधि की होकर सेवा पृथक की बताई जा रही तिथि 16.3.2012 से काफी समय पूर्व की अवधि का होने से उक्त दस्तावेज हस्तगत मामले में सुसंगत भी नहीं है। प्रार्थी ने उक्त दस्तावेजी साक्ष्य के अतिरिक्त अपने नियोजन के संबंध में अन्य कोई ठोस दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं की है तथा मेरे मत में इस संबंध में मात्र प्रार्थी का शपथपत्र ही पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी का नियोजन अधि0 1947 की धारा 25–बी के तहत 'नियमित नियोजन' होना भी साबित नहीं माना जा सकता है।

इस संबंध में विपक्षी सं0 एक की ओर से प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 927 (इलाहाबाद) यू.पी.स्टेट वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन वगैरह बनाम पीठासीन अधिकारी वगैरह उल्लेखनीय है, जिसमें मान. उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि विधि का यह सुस्थापित सिद्धांत है कि जो कर्मकार क्लेम पेश करता है उसी को अपना क्लेम साबित करना होता है और इस तथ्य को मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य से साबित किया जा सकता है, लेकिन प्रार्थी यह साबित करने में पूर्णतः असफल रहा है कि उसने सेवा पृथककरण की तिथि से पूर्व के कलैण्डर वर्ष में विपक्षी के नियमित श्रमिक के रूप में 240 दिन या इससे अधिक दिवसों तक कार्य किया। यदि उसने विपक्षी के अधीन कार्य किया है तो वह ठेकेदार के अधीन किया है। हस्तगत मामले में तो प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध होना ही साबित नहीं पाया गया है। ऐसी स्थिति में विपक्षी के द्वारा प्रार्थी को दिनांक 16.3.2012 से सेवा से पृथक करना संभव भी नहीं माना जा सकता है।

उपरोक्त विवेचन एवं प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतों के परिपेक्ष्य में प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध स्थापित नहीं रहे हैं तथा उसे विपक्षी के द्वारा दिनांक 16.3.2012 से सेवा से पृथक नहीं किया गया है। अतः वह कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

उक्त विवेचन के आधार पर आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी श्री कैलाश व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं। प्रार्थी को विपक्षी ने दिनांक 16.3.2012 को सेवा से पृथक नहीं किया है। प्रार्थी विपक्षी से कोई राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

पंचाट आज दिनांक 13.08.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सुशील कुमार शर्मा, न्यायाधीश,

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2090.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **हिंदुस्तान ज़िंक** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री ओम पुरी** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न. 21/2015)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-27012/12/2015-आईआर(एम)]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2090.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 21/2015)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Hindustan Zinc** and **Shri Om Puri** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-27012/12/2015-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

अनुलग्नक

:: श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा ::

पीठासीन अधिकारीः **श्री सशील कुमार शर्मा,** (जिला न्यायाधीश संवर्ग)

प्रकरण संख्या : 21 सन् 2015

श्री ओम पुरी पुत्र. श्री अर्जुन पुरी, द्वारा–

न्यू जिंक आदर्श कर्मचारी वेलफेयर यूनियन,

सतपाल नगर,पो0–आगुचा,तह0–हुरडा,जिला–भीलवाडा।

..प्रार्थी

: बनाम :

प्रबंधक,हिन्दुस्तान जिंक लि.,रामपुरा–आगुचामाईन्स, भीलवाडा।

..विपक्षी

उपस्थित :

श्री चितरंजन पांडे,अधिवक्ता–प्रार्थी की ओर से।

श्री आर.सी.चेचाणी,अधिवक्ता–विपक्षी की ओर से।

:: पंचाट :: दिनांक : 13.08.2024

प्रार्थी श्रमिक ने विपक्षी के विरूद्ध सेवा पृथककरण बाबत अपना विवाद सुलह अधिकारी एवं सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), अजमेर के समक्ष पेश किया, जहां कोई समझौता नहीं होने के कारण सुलह अधिकारी द्वारा दिनांक 5.1.2015 को अपना विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश प्रार्थी को दिये गये। तत्पश्चात् प्रार्थी ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे पंचाट में आगे अधि0 1947 से सम्बोधित किया जायेगा) की धारा 2 (ए) के तहत यह विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश किया।

तत्पश्चात् श्रम मंत्रालय,भारत सरकार ने आदेश क्रमांक –L-27012/12/2015-IR[M] दिनांक 8.4.2015 के द्वारा अग्रलिखित विवाद इस न्यायालय को अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया–

Whether the action of the management of M/s. Hindustan Zink Ltd.,Rampura Agucha Mines, Bhilwara in terminating the services of Sh.Om puri S/o Sh. Arjun Puri w.e.f.20.5.2011 is legal and justified? if not, what relief the workman is entitled to?

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया गया है कि उसका चयन विपक्षी द्वारा खान अधि0,1952 के तहत चयन समिति द्वारा बतौर चौकीदार किया गया तथा उसने दिनाक 2.2.1989 से विपक्षी संस्थान में कार्य करना प्रारंभ किया। तत्पश्चात् उसे गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी व इसके बाद एम.एल.गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया। जहां उसनें 19.5.2011 तक काम किया। उसे दिनाक 20.5.2011 को सेवा पृथक कर दिया गया। अधि0 1947 की धारा 25–बी के तहत उसका नियोजन 'नियमित नियोजन' की तारीफ में आता है। उसका इ.पी.एफ. नं0 आरजे/ 1272/1023714 है। खान में कार्य करने हेतु ठेकेदार व अन्य कंपनियां अंतराल से बदलती रहती है। ठेकेदार केवल सुपरवाईर ही है, नियोजक नहीं है। मास्टर कंपनी ही नियोजक है। उसे यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने के कारण द्वेषतावश दिनाक 20.5.2011 से कार्य पर नहीं लिया गया। प्रार्थी ने समस्त वेतन परिलाभों सहित पुनः सेवा में पुनः नियोजित करवाने का निवेदन किया।

विपक्षी की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि उन्होंने प्रार्थी को कभी भी नियोजित नहीं किया। प्रार्थी ने शांतिस्वरूप कन्स्ट्रक्शन कंपनी व धनसार कंपनी के निर्देशन में कार्य करना बताया है, लेकिन उक्त कंपनी मामले में पक्षकार नहीं है। केन्द्र सरकार ने प्रार्थी व विपक्षी के मध्य नियोजक एवं नियोजिती के संबंध नहीं मानकर पक्षकारों के मध्य कोई औद्योगिक विवाद अस्तित्व में होना नहीं माना है, जिसे प्रार्थी ने चुनौती नहीं दी है। क्लेम प्रार्थना पत्र खारिज करने की प्रार्थना की गई।

प्रार्थी की ओर से साक्ष्य में ए ड 1 ओम पुरी के शपथपत्र पर बयान दर्ज करवाये गये।

विपक्षी की ओर से कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई।

बहस अंतिम सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी ने क्लेम प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वांछित अनुतोष दिलाने का निवेदन किया।

इसके विपरीत विपक्षी के अधिवक्ता ने यह बताया कि प्रार्थी उनका श्रमिक नहीं था। प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं।

हमनें संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया और विचार किया।

सर्वप्रथम यहां यह देखना है कि क्या प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध रहे हैं?

इस संबंध में न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 11 (पंजाब एंड हरियाणा) महिन्द्रा एंड महिन्द्रा बनाम पीठासीन अधिकारी उल्लेखनीय है, जिसमें मान. उच्च न्यायालय द्वारा यह अभिनिर्धारित किया गया है कि यदि कर्मचारी सीधे रूप से ठेकेदार के अधीन कार्य करता है तो उस पर संविदा श्रम (विनियमन एवं उत्सादन) अधि0, 1970 लागू होगा एवं श्रमिक व नियोजक के सबंध स्थापित करने का भार कर्मकार पर होगा।

इस संबंध में हस्तगत प्रकरण पर विचार करें तो प्रार्थी ने अपने क्लेम प्रार्थनापत्र में यह कहा है कि उसे विपक्षी द्वारा चौकीदार के पद पर चयनित कर नियोजन में रखा गया–तत्पश्चात् हिन्दुस्तान जिंक लि0 के निर्देशन में कार्य हेतु उसे स्थानांतरित किया गया। इसके बाद गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी व इसके बाद एम.एल.गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के निर्देशन में कार्य करने के लिए स्थानांतरित किया गया। विपक्षी की ओर से की गई जिरह में गवाह ने यह स्पष्ट रूप से कहा है कि वह गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी व एम.एल.गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी को नहीं जानता है, उसे वेतन का भुगतान हिन्दुस्तान जिंक के द्वारा किया जाता था। गवाह ने जिरह में यह भी कहा है कि उसके पास हिन्दुस्तान जिंक का गेटपास व नियुक्ति पत्र नहीं है। इस प्रकार प्रार्थी अपने पास विपक्षी का कोई नियुक्ति पत्र व गेटपास नहीं होना स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी के यहां अपने नियोजन को साबित करने के लिए स्वयं के शपथपत्र के अतिरिक्त लेशमात्र भी दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं की गई है। दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में प्रार्थी की ओर से प्रदर्श 1 असफल वार्ता प्रतिवेदन व सुलह अधिकारी,अजमेर द्वारा जारी प्रदर्श 2,जो धारा 2–ए का प्रमाणपत्र है, को अवश्य प्रदर्शित करवाया गया है, जिनमें भी प्रार्थी द्वारा विपक्षी के अधीन नियोजित होकर काम करने का कोई अंकन नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत उक्त दस्तावेजात से भी प्रार्थी को कोई सहायता नहीं मिलती है।

प्रार्थी के द्वारा अपने क्लेम प्रार्थनापत्र में किये गये अभिवचनों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य के रूप में विपक्षी द्वारा जारी नियुक्तिपत्र, विपक्षी द्वारा जारी गेटपास या विपक्षी द्वारा जारी पे–स्लीप आदि कोई भी ऐसे दस्तावेज पेश नहीं किया है, जिससे उसके कथनों पर विश्वास किया जा सके। प्रार्थी को यदि विपक्षी हिन्दुस्तान जिंक द्वारा नियोजित किया गया होता तो उसके द्वारा पे–स्लीप या स्वयं के बैंक खाते की पासबुक आदि पेश कर यह साबित करवाया जा सकता था कि उसे विपक्षी द्वारा ही नियोजित किया गया है तथा वे ही उसे वेतन देते थे, लेकिन प्रार्थी की ओर से ऐसा कुछ भी नहीं किया गया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी द्वारा मात्र मौखिक रूप से यह कह देने से कि उसे विपक्षी हिन्दुस्तान जिंक ने नियोजित किया, को सत्य एवं विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है। गौरतलब है कि स्वयं प्रार्थी ने अपने क्लेम प्रार्थना की मद सं0 एक में ही यह अंकित किया है कि उसे गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी व बाद में एम.एल.गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया, जिससे भी यह माना जा सकता है कि प्रार्थी ने उक्त ठेकेदार कंपनी के अधीन व उनके निर्देशन में ही विपक्षी के यहां कुछ समय तक काम किया होगा, लेकिन प्रार्थी ने उसके द्वारा बताई जा रही करीब 22 वर्ष की लम्बी अवधि तक विपक्षी के नियोजन में कार्य किया हो और उसके पास नियोजन के संबध में कोई दस्तावेज नहीं हो, ऐसा संभव नहीं माना जा सकता है।

स्वयं प्रार्थी के अभिवचनो से ही यही प्रकट हो रहा है कि प्रार्थी ने अन्य ठेकेदार कंपनियो–गोयल कन्स्ट्रक्शन कंपनी व एम.एल.गुप्ता कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के माध्यम से कुछ समय तक विपक्षी संस्थान में कार्य किया होगा तथा उसने सीधे तौर पर विपक्षी के अधीन कार्य किया हो, ऐसा साबित नहीं पाया जाता है। प्रार्थी को विपक्षी के द्वारा सीधे तौर पर वेतन भुगतान किया जाना भी साबित नहीं पाया जाता है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी संस्थान के सीधे नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण में कार्य करने के संबंध में स्वयं की मौखिक साक्ष्य के अतिरिक्त अन्य कोई दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं की है। अतः प्रस्तुत साक्ष्य से प्रार्थी को विपक्षी के प्रत्यक्ष नियोजन में नियोजित होना नहीं माना जा सकता है। प्रार्थी द्वारा ऐसी कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई है जिससे प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना प्रकट होता हो । ऐसी स्थिति में मेरे विनम्र मत में हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 11 (पंजाब एंड हरियाणा) महिन्द्रा एंड महिन्द्रा बनाम पीठासीन अधिकारी पूर्णतः लागू होता है।

हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2011 एल एल आर पेज 113 (एस.सी.) जनरल मैनेजर (ओ एस डी), बंगाल नागपुर कॉटन मिल्स, राजनांदगांव बनाम भरतलाल वगैरह उल्लेखनीय है, जिसमें मान0 उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मचारी तथा नियोक्ता के संबंध स्थापित होने के लिए यह आवश्यक है कि कर्मचारी न्यायालय में यह साबित करे कि उसे सीधे कंपनी से वेतन मिलता था, न कि ठेकेदार से, लेकिन हस्तगत प्रकरण में प्रार्थी ने ऐसा कोई सबूत पेश नहीं किया है जिससे यह साबित हो सके कि उसे विपक्षी से वेतन मिलता हो।

न्यायिक दृष्टांत 2014 एल एल आर पेज 753 (राज0) घीसा खां बनाम श्रम न्यायालय एवं औद्योगिक न्यायाधिकरण, अजमेर वगैरह में मान0 उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मकार तथा नियोजक के मध्य कर्मकार–नियोजक का संबंध था, इस तथ्य को साबित करने का भार कर्मकार पर है। प्रार्थी की ओर से विपक्षी द्वारा जारी कोई नियुक्तिपत्र, पे–स्लीप आदि पेश नहीं की गई है, जिससे उसका विपक्षी से श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना साबित होता हो। विचाराधीन मामले में प्रस्तुत साक्ष्य से प्रार्थी, विपक्षी से कर्मकार एवं नियोजक का संबंध स्थापित होना साबित करने में असफल रहा है।

हस्तगत प्रकरण में न्यायिक दृष्टांत 2018 एल एल आर पेज 515 भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लि0 बनाम महेन्द्र प्रसाद व अन्य भी उल्लेखनीय है, जिसमें में मान0 उच्चतम न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि कर्मचारी तथा नियोक्ता का संबंध देखने के लिए 6 बातें होना आवश्यक है, जिसमें 1–कर्मचारी को कौन नियुक्त करता है, 2–कर्मचारी को वेतन आदि कौन देता है, 3–कर्मचारी को पदच्युत करने का अधिकार किसके पास है, 4–कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही कौन कर सकता है, 5– सेवा की निरंतरता तथा 6–कर्मचारी पर नियंत्रण एवं पर्यवेक्षण कौन करता है।

विवेचन के दौरान यह साबित माना गया है कि प्रार्थी को विपक्षी द्वारा न तो नियोजित किया गया, न उसे वेतन विपक्षी द्वारा दिया जाता था। अतः उक्त न्यायिक दृष्टांत 2018 एल एल आर पेज 515 भारत हेवी इलेक्ट्रीकल लि0 बनाम महेन्द्र प्रसाद व अन्य के परिपेक्ष्य में भी प्रार्थी व विपक्षीगण के मध्य श्रमिक–नियोजक का संबंध स्थापित होना नहीं माना जा सकता।

प्रार्थी ने नियोजन के संबंध में लेशमात्र भी दस्तावेजी साक्ष्य पेश नहीं की है तथा मेरे मत में इस संबंध में मात्र प्रार्थी का शपथपत्र ही पर्याप्त नहीं है। ऐसी स्थिति में प्रार्थी का नियोजन अधि0 1947 की धारा 25–बी के तहत 'नियमित नियोजन' होना भी साबित नहीं माना जा सकता है।

इस संबंध में विपक्षी सं0 एक की ओर से प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांत 2013 एल एल आर पेज 927 (इलाहाबाद) यू.पी.स्टेट

वेअरहाउसिंग कार्पोरेशन वगैरह बनाम पीठासीन अधिकारी वगैरह उल्लेखनीय है, जिसमें मान. उच्च न्यायालय ने यह अभिनिर्धारित किया है कि विधि का यह सुस्थापित सिद्धांत है कि जो कर्मकार क्लेम पेश करता है उसी को अपना क्लेम साबित करना होता है और इस तथ्य को मौखिक एवं दस्तावेजी साक्ष्य से साबित किया जा सकता है, लेकिन प्रार्थी यह साबित करने में पूर्णतः असफल रहा है कि उसने सेवा पृथककरण की तिथि से पूर्व के कलैण्डर वर्ष में विपक्षी के नियमित श्रमिक के रूप में 240 दिन या इससे अधिक दिवसों तक कार्य किया। यदि उसने विपक्षी के अधीन कार्य किया है तो वह ठेकेदार के अधीन किया है। हस्तगत मामले में तो प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध होना ही साबित नहीं पाया गया है। ऐसी स्थिति में विपक्षी के द्वारा प्रार्थी को दिनांक 20.5.2011 से सेवा से पृथक करना संभव भी नहीं माना जा सकता है।

उपरोक्त विवेचन एवं प्रस्तुत न्यायिक दृष्टांतों के परिपेक्ष्य में प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध स्थापित नहीं रहे हैं तथा उसे विपक्षी के द्वारा दिनांक 20.5.2011 से सेवा से पृथक नहीं किया गया है। अतः वह कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

अतः केन्द्र सरकार द्वारा प्रेषित विवाद का उत्तर इस प्रकार दिया जाता है कि–

अतः यह आदेश दिया जाता है कि प्रार्थी श्री ओम पुरी व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं। प्रार्थी को विपक्षी ने दिनांक 20.5.2011 को सेवा से पृथक नहीं किया है। प्रार्थी विपक्षी से कोई राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

पंचाट आज दिनांक 13.08.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सुशील कुमार शर्मा, न्यायाधीश,

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2091.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **अल्ट्राटेक सीमेंट मेसर्स आदित्य सीमेंट वर्क्स; मेसर्स जगदीश ट्रेंडिंग कंपनी लिमिटेड** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **सीमेंट वर्क्स एम्प्लाइज यूनियन** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न. 10/2016)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29012/23/2016-आईआर(एम)]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2091.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 10/2016)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **UltraTech Cement M/s Aditya Cement Works; M/s Jagdish Trading Company Limited** and

Cement Works Employees Union which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-29012/23/2016-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

अनुलग्नक

:: श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा ::

पीठासीन अधिकारीः **श्री सुशील कुमार शर्मा,** (जिला न्यायाधीश संवर्ग).

प्रकरण संख्या : 10 सन् 2016 एल सी आर

महामंत्री, सीमेंट वर्क्स एम्पलाईज यूनियन, .

अनुराग सदन, चंदेरिया, जिला– चितौडगढ।

..प्रार्थी

: बनाम :

1. प्रबंधक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मै0 आदित्य सीमेंट वर्क्स, . .
   सावा–शंभूपुरा, जिला–चितौडगढ।
2. मै0 जगदीश ट्रेडिग कंपनी लि0, द्वारा–अल्ट्राटेक अल्ट सीमेंट, . .
. मै0 आदित्य सीमेंट वर्क्स, सावा–शंभूपुरा, जिला–चितौडगढ। . .

..विपक्षीगण

उपस्थित :

श्री पी.एल. श्रीमाली, अधिवक्ता–प्रार्थी यूनियन की ओर से। .

श्री आर.एस.चौहान, अधिवक्ता–विपक्षीगण की ओर से।. .

:: पंचाट :: दिनांक 4.9.2024

प्रार्थीगण को सेवा पृथक किये जाने के संबंध में भारत सरकार की अधिसूचना संख्याः एल–29012/23/2016–आईआर (एम) दिनांक 13.6.2016 के द्वारा अग्रलिखित विवाद इस न्यायालय को प्रेषित किया गया–

'क्या प्रबंधक, अल्ट्राटेक सीमेंट, मै0 आदित्य सीमेंट वर्क्स, सावा–शंभूपुरा,जिला–चितौड के ठेकेदार मै0 जगदीश ट्रेडिंग कं0लि0 द्वारा ठेका श्रमिकगण (सर्व श्री नारायण लाल पुत्र श्री फउलाल एवं अन्य 101 श्रमिकगण (अनुलग्न सूची)) को मई 2014 से नौकरी से हटाये जाने की कार्यवाही वैध एवं न्यायोचित है? यदि नहीं, तो प्रार्थीगण किस राहत के व कब से पाने के हकदार हैं?'

विवाद प्राप्त होने पर पक्षकारों को नोटिस जारी कर तलब किया गया।

प्रार्थी यूनियन की ओर से क्लेम प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर जाहिर किया गया कि यूनियन के सदस्य श्रमिकगण से संबंधित मांग बाबत रेफरेन्स वर्ष 2011 से इस न्यायालय में लम्बित थे। विपक्षीगण द्वारा यूनियन के सदस्य श्रमिकों को समझौते के लिए प्रेरित कर एरियर राशि देने का आश्वासन देकर श्रमिकों को इस न्यायालय में उपस्थित कर राजीनामे के दस्तावेज तैयार करने के नाम पर तीन–चार कागजों पर हस्ताक्षर करवा कर राजीनामा इस न्यायालय में पेश करवा दिया। श्रमिकगण ने विपक्षीगण पर विश्वास कर हस्ताक्षर कर दिये। एरियर राशि के चैक प्राप्त करने के बाद श्रमिकगण कार्य पर उपस्थित हुए तो उन्हें काम पर लेने से मना कर दिया गया। राजीनामे में श्रमिकों को मुगालते में रखकर विपक्षीगण ने षडयंत्र पूर्वक स्वैच्छा से त्यागपत्र देने और ग्रेच्युटी व अन्य देय राशि के चैक प्राप्त कर लेना लिखकर धोखे से हस्ताक्षर करवा लिये और यूनियन के 102 सदस्यों की सेवाएं समाप्त कर दी गई। प्रार्थी यूनियन ने श्रमिकगण को समस्त वेतन परिलाभों सहित पुनः पूर्व पद पर नियोजित करवाने की प्रार्थना की।

विपक्षी सं0 एक की ओर से प्रस्तुत जवाब में 'प्रारंभिक आपत्तियां' के रूप में यह अंकित किया गया कि प्रार्थी यूनियन विवाद उठाने के लिए सक्षम एवं अधिकृत नहीं है। संस्थान का कोई भी श्रमिक प्रार्थी यूनियन का सदस्य नहीं है। अतिरिक्त रजिस्ट्रार ऑफ ट्रेड यूनियन द्वारा प्रार्थी यूनियन को निर्देशित किया गया है कि वे अपना कार्य क्षेत्र चंदेरिया को छोडकर अन्य किसी क्षेत्र में विवाद नहीं उठाए। इस संबंध में प्रार्थी यूनियन ने मान0 उच्च न्यायालय में अपील भी पेश की, जो खारिज की

जा चुकी है। अतः प्रार्थी यूनियन को विपक्षी संस्थान के श्रमिकों के संदर्भ में विवाद उठाने का अधिकार नहीं है। प्रार्थनापत्र के साथ संलग्न सूची में वर्णित श्रमिक उत्तरदाता के नियोजन में नहीं रहे हैं। प्रार्थी यूनियन के सदस्य श्रमिकों द्वारा इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वैच्छा से प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर अपने प्रकरण को लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर राजीनामा प्रस्तुत कर विड्रा कर लिया गया है तथा विपक्षी सं0 दो से संपूर्ण भुगतान प्राप्त कर लिया है, जिससे स्पष्ट है कि वे उत्तरदाता के श्रमिक नहीं होकर विपक्षी सं0 दो के श्रमिक हैं। श्रमिकों द्वारा विपक्षी सं0 दो ठेकेदार द्वारा प्रसारित स्वेच्छिक सेवानिवृति योजना, 2014 का लाभ उठाते हुए अपना त्यागपत्र प्रस्तुत कर संपूर्ण हिसाब प्राप्त किया गया है। 'कलमवार' जवाब देते हुए जाहिर किया गया कि विवाद में जिन श्रमिकों का उल्लेख किया गया है उनमें से कोई भी श्रमिक उत्तरदाता के संस्थान में कार्यरत नहीं है तथा उनके व श्रमिकों के मध्य नियोजिती–नियोजक के संबंध नहीं है। उत्तरदाता मात्र प्रिंसीपल एम्पलॉयर है तथा विपक्षी सं0 दो ठेकेदार के द्वारा ही इन श्रमिकों को नियोजित किया गया है। इसी कारण से रेफरेन्स में इन श्रमिकों को विपक्षी सं0 दो द्वारा हटाये जाने का उल्लेख है। श्रमिकों पर कोन्ट्रेक्ट लेबर (रेगुलेशन एंड एबोलिशन) एक्ट, 1970 के प्रावधान लागू होते हैं अतः वे इस न्यायालय से कोई राहत प्राप्त नहीं कर सकते हैं। उत्तरदाता के किसी अधिकारी ने वर्ष 2011 में लम्बित प्रकरणों के संदर्भमें श्रमिकों को प्रलोभन देकर समझौता करने के लिए प्रेरित नहीं किया गया। क्लेम प्रार्थना पत्र निरस्त करने की प्रार्थना की गई।

विपक्षी सं0 दो की ओर से क्लेम प्रार्थनापत्र का जवाब प्रस्तुत कर 'प्रारंभिक आपत्तियां' के मद में विपक्षी सं0 एक द्वारा प्रार्थी यूनियन के सबंध में ली गई आपत्तियों को हुबहू दोहराते हुए जाहिर किया कि प्रार्थी यूनियन को विवाद उठाने का अधिकार नहीं है तथा श्रमिकों ने उत्तरदाता से समझौता कर संपूर्ण हिसाब प्राप्त कर इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर राजीनामा प्रस्तुत कर प्रकरण विड्रा कर लिया है। सभी श्रमिक उत्तरदाता के ही श्रमिक हैं तथा श्रमिकों व विपक्षी सं0 एक के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं। उत्तरदाता के द्वारा प्रसारित स्वेच्छिक सेवानिवृति योजना का लाभ उठाते हुए श्रमिकों ने इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर लोक अदालत की भावना से उत्तरदाता के समक्ष त्यागपत्र प्रस्तुत कर तय शुदा राशि बतौर संपूर्ण हिसाब प्राप्त कर ली है। प्रकरणों को राजीनामे के आधार पर इस न्यायालय द्वारा विधि अनुसार निस्तारित किया गया है। विपक्षी सं0 एक ने श्रमिकों को नियोजित नहीं किया है। स्वेच्छिक सेवानिवृति योजना में भाग लेने के बाद नियोजक एवं नियोजिती के संबंध समाप्त हो जाते हैं एवं इस तरह के श्रमिक अधि0, 1947 के तहत श्रमिक की तारीफ में नहीं आते हैं। कलमवार जवाब के मद में जाहिर किया गया कि प्रस्तुत रेफरेन्स से ही स्पष्ट है कि श्रमिक के विपक्षी सं0 एक प्रिंसीपल एम्पलॉयर हैं तथा उत्तरदाता ने ही इन्हें नियोजित किया है। श्रमिकगण कोन्ट्रेक्ट लेबर (रेगुलेशन एंड एबोलिशन) एक्ट, 1970 से शासित होने से वे अधि0 1947 के तहत लाभ प्राप्त नहीं कर सकते हैं। लंबित प्रकरणों में इस न्यायालय द्वारा पारित पंचाट के विरूद्ध किसी तरह की कोई रिट याचिका पेश नहीं किये जाने से इस न्यायालय द्वारा पारित पंचाट अंतिम हैं। प्रार्थीगण ने अपने अधिवक्ता की उपस्थिति में राजीनामे पर हस्ताक्षर किये हैं। क्लेम प्रार्थनापत्र निरस्त करने की प्रार्थना की गई ।

प्रार्थी यूनियन की ओर से साक्ष्य में एड 1 कालूराम, ए ड 2 रामलाल व ए ड 3 देवी सिंह के शपथपत्र पर बयान दर्ज करवाये गये ।

विपक्षी सं0 एक की ओर से साक्ष्य में एन ए ड 1 मुकेश कुमार के व विपक्षी सं0 दो की ओर से अजय सिंघवी के शपथपत्र पर बयान दर्ज करवाये गये ।

हमनें दोनों पक्षों को सुना एवं संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया। विपक्षीगण की ओर से लिखित बहस भी पेश की गई।

बहस के दौरान प्रार्थी यूनियन के अधिवक्ता ने प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वाछित अनुतोष प्रदान किये जाने का निवेदन किया। इसके विपरीत विपक्षीगण के अधिवक्ता ने भी बहस के दौरान उनके अभिवचनों में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए क्लेम प्रार्थनापत्र खारिज करने की प्रार्थना की।

प्रार्थी यूनियन ने उनके सदस्य श्रमिकगण का नियोजन विपक्षीगण के यहां होना बताया है। विपक्षी सं0 एक ने भी अपने जवाब में कहा कि श्रमिकगण उत्तरदाता के नियोजन में नहीं रहे हैं, वे विपक्षी सं0 दो के श्रमिक थे। सभी श्रमिकगण ने इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वैच्छा से प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर अपने प्रकरण को लोक अदालत की भावना से प्रेरित होकर राजीनामा प्रस्तुत कर विड्रा कर लिया तथा विपक्षी सं0 दो से संपूर्ण भुगतान भी प्राप्त कर लिया है। विपक्षी सं0 दो जगदीश ट्रेडिंग कं0 ने भी विपक्षी सं0 एक के कथनो को अपने जवाब में स्वीकार करते हुए सभी श्रमिकगण का उनके यहां नियोजित होने व इस न्यायालय के समक्ष स्वेच्छा से उपस्थित होकर राजीनामा प्रस्तुत कर प्रकरण विड्रा कर लेना कहा है। इस तथ्य को स्वयं प्रार्थी यूनियन के महामंत्री एड 1 कालूराम ने अपनी जिरह में भी स्वीकार किया है तथा यह कहा है कि यह सही है कि प्रार्थीगण जगदीश ट्रेडिंग कं0 के श्रमिक है, सभी श्रमिकगण कोर्ट में उपस्थित हुए थे, चैक का भुगतान उनके खाते में जमा हुआ था। जिरह में यह गवाह किस– किस दस्तावेज पर हस्ताक्षर कराये गये, इसकी जानकारी नहीं होना व इसकी कहीं शिकायत नहीं करना भी अपनी जिरह में स्वीकार करता है। गवाह ने भुगतान उनके खाते में जमा होना भी स्वीकार किया है। इस प्रकार प्रार्थी यूनियन के महामंत्री कालूराम की उक्त साक्ष्य से ही यह तो जाहिर होता है कि श्रमिकगण विपक्षी सं0 दो जगदीश ट्रेडिंग कंपनी के श्रमिक थे तथा सभी श्रमिकगण ने न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर चैक के जरिये राशि भी प्राप्त कर ली थी। हालांकि यूनियन का यह गवाह इस तथ्य से इनकार करता है कि मु.नं. 3 लगायत 127 का संपूर्ण हिसाब प्राप्त कर लिया हो,बल्कि यह गवाह एरियर राशि प्राप्त करना कहता है।

इसी तरह प्रार्थी यूनियन का दूसरा गवाह ए ड 2 रामलाल भी जगदीश ट्रेडिंग कंपनी से स्वेच्छा से इस्तीफा देना, सेवामुक्ति का संपूर्ण हिसाब प्राप्त कर लेना, इस न्यायालय में राजीनामा पेश करना व संपूर्ण राशि प्राप्त कर लेने से अपनी

जिरह में इनकार करता है, लेकिन यह गवाह इस न्यायालय के निर्णय की जानकारी होना व विपक्षी जगदीश ट्रेडिंग कंपनी से इस न्यायालय में चैक प्राप्त हुआ उसका भुगतान राजीखुशी प्राप्त कर लेना व इस न्यायालय के आदेश के विरूद्ध कोई रिट याचिका पेश नहीं करना भी अपनी जिरह में स्वीकार करता है। इस गवाह ने प्रदर्श एम 69 उसका स्वयं का शपथपत्र होना व इस पर उसके हस्ताक्षर होना भी स्वीकार किया है। इस प्रकार यह गवाह भी विपक्षी जगदीश ट्रेडिंग कंपनी से स्वेच्छा से चैक स्वेच्छा से प्राप्त कर भुगतान प्राप्त कर लेना व प्रदर्श एम 69 उसका स्वयं का शपथपत्र होना स्वीकार करता है। इसी तरह प्रार्थी यूनियन का गवाह ए ड 3 देवीसिंह भी अपनी जिरह में भीलवाडा न्यायालय में उसे चैक मिलना, चैक का भुगतान प्राप्त कर लेना,भीलवाडा में जो समझौताहुआ उसका चैक कोर्ट के सामने प्राप्त करना स्पष्ट रूप से स्वीकार करता है। इस प्रकार प्रार्थी यूनियन के उक्त गवाहान न्यायालय के समक्ष स्वेच्छा से न्यायालय के सामने चैक प्राप्त करना व उसका भुगतान प्राप्त कर लेना स्वीकार करते हैं।

इस संबंध में विपक्षी गवाह एन ए ड 1 मुकेश ने भी अपनी जिरह में कहा है कि दिनाक 2.5.2014 को इस न्यायालय में प्रस्तुत राजीनामो के समय वह मौजूद नहीं था, बल्कि संस्थानके अन्य अधिकारी मौजूद थे। इस गवाह के कथनों में कोई विपरीत तथ्य सामने नहीं आयाहै। श्रमिकगण का इस न्यायालय में उपस्थित होना व स्वेच्छा से चैक प्राप्त कर भुगतान प्राप्त कर लेना स्वयं प्रार्थी यूनियन के गवाहान ने ही अपनी जिरह में स्वीकार कियाहै। विपक्षी सं0 2 जगदीश ट्रेडिंग कंपनी के गवाह एन ए ड 2 अजय सिंघवी ने भी अपनी जिरह में श्रमिकगण के एरियर संबंधी मुकदमे नहीं चलना व एरियर की कोई राशि बकाया नहीं होना कहा है तथा यह भी कहा कि करीब 120–125 श्रमिकों ने वी.आर.एस. लिया था, वी.आर.एस. आवेदन प्राप्त होने के बाद श्रमिकों से त्यागपत्र, फुल एंड फाईनल भुगतान, ग्रेच्युटी फार्म आदि कुल 4–5 पृष्ठों पर हस्ताक्षर करवाये थे। समस्त हस्ताक्षर इस न्यायालय के समक्ष करवाये थे। इस गवाह की साक्ष्य में भी कोई विपरीत तथ्य सामने नहीं आया है।

उक्त समग्र साक्ष्य के अवलोकन एवं विश्लेषण से यह स्पष्ट होता है कि प्रार्थी यूनियन के सदस्यगण ने इस न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर स्वेच्छा से उनके प्रकरणों में राजीनामा कर न्यायालय के सामने चैक प्राप्त किये। विपक्षीगण के कथनों की पुष्टि पत्रावली में उपलब्ध दस्तावेज प्रदर्श एम 3 लगायत प्रदर्श एम 75 से भी होती है। जिनके द्वारा प्रार्थी यूनियन के सदस्य श्रमिकगण द्वारा अपने–अपने त्यागपत्र व आवेदन विपक्षी सं0 दो जगदीश ट्रेडिंग कंपनी को प्रस्तुत किये गये। इस संबंध में पक्षकारों के मध्य अधिक विवाद भी नहीं है क्योंकि न्यायालय के समक्ष प्रार्थी यूनियन के सदस्यगण का उपस्थित होकर चैक प्राप्त कर भुगतान प्राप्त करना स्वयं प्रार्थी यूनियन की साक्ष्य से ही स्पष्ट है। इस प्रकार स्वैच्छा से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर चैक प्राप्त कर उसका भुगतान प्राप्त कर लेना तो एक स्वीकृत तथ्य है। अतः इस संबंध में अधिक विवेचन की आवश्यकता नहीं है।

वकील प्रार्थी का मुख्य तर्क यह रहा है कि प्रार्थीगण को धोखे में रख कर दस्तखत करवाये गये हैं उन्होंने स्वेच्छा से राजीनामा पेश नहीं किया है, लेकिन मैं वकील प्रार्थी के उक्त तर्क से सहमत नहीं हूं क्योंकि जैसाकि विवेचन के दौरान माना जा चुका है कि प्रार्थीगण ने स्वेच्छा से न्यायालय के समक्ष उपस्थित होकर न्यायालय में राजीनामा पेश कर संपूर्ण हिसाब का चैक प्राप्त कर उसका भुगतान भी प्राप्त कर लिया है। इस तथ्य को स्वयं प्राथी यूनियन के गवाहान ए ड 2 व ए ड 3 ने भी अपनी जिरह में स्वीकार किया है। प्रार्थी यूनियन की साक्ष्य से यह भी स्पष्ट हुआ है कि उन्होंने इस न्यायालय के समक्ष या अन्य कहीं ऐसी कोई शिकायत नहीं की कि उन्होंने राजीनामा स्वेच्छा से नहीं किया हो। समग्र साक्ष्य के अवलोकन एवं विश्लेषण से यह पाया गया है कि प्रार्थी यूनियन के सदस्यगण ने विपक्षी सं0 दो जगदीश ट्रेडिग कंपनी के समक्ष स्वेच्छा से त्यागपत्र पेश किया है। गौरतलब है कि आदेश 23 नियम 3–ए सी.पी.सी. के तहत राजीनामे के आधार पर पारित डिक्री को अलग से दावा पेश करके चुनौती नहीं दी जा सकती है। श्री सूर्या डेवलेपर्स एंड प्रोमोटर्स बनाम एन शैलेश प्रसाद वाले मामले के अनुसार भी राजीनामे के आधार पर डिक्री को पृथक वाद में चुनौती नहीं दी जा सकती है।

मान0 उच्चतम न्यायालय ने भी न्यायिक दृष्टांत 2011 एल एल आर पेज 1009 मान सिंह बनाम मारूति सुजुकी इडिया लि0 व अन्य में यह प्रतिपादित किया है कि श्रमिक ने स्वैच्छिक सेवानिवृति योजना के तहत संपूर्ण बकाया राशिका विकल्प चुनास है औरस्वीकार कर लिया है और बाद में वह अवैधानिक सेवा पृथककरण के रूप में चुनौती देना चाहता है तो उसे वी.आर.एस. के तहत स्वीकार की गई और प्राप्त की गई राशि वापस करनी होगी। उक्त न्यायिक दृष्टांत हस्तगत मामले में पूर्णतः लागू होता है। उक्त न्यायिक दृष्टांत के परिपेक्ष्य में भी प्रार्थी यूनियन के सदस्यगण कोई राहत प्राप्त नहीं कर सकते हैं।

मामले में प्रार्थी यूनियन की ओर से प्रस्तुत दस्तावेजात– प्रदर्श 2 लगायत प्रदर्श 12 राज्य सरकार द्वारा पूर्व में पेषित अधिसूचना, प्रदर्श 14 लगायत प्रदर्श 19 पूर्व में इस न्यायालय को प्रेषित रेफरेन्स में संबंधित प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थनापत्र की प्रतियां, प्रदर्श 20 केन्द्र सरकार द्वारा जयपुर स्थित केन्द्रीय न्यायाधिकरण को प्रेषित रेफरेन्स की प्रति, प्रदर्श 22 जयपुर स्थित केन्द्रीय न्यायाधिकरण की आदेशिकाओं की प्रति है, जिस संबंध में विपक्षी ने असहमति व्यक्त नहीं की है तथा प्रस्तुत दस्तावेजात स्वीकृत दस्तावेज हैं। अतः इनके संबंध में विवेचन की आवश्यकता नहीं है तथा वे मामले में सुसंगत भी नहीं है क्योंकि हस्तगत मामले में तो यह साबित पाया गया है कि प्रार्थी यूनियन के सदस्यगण ने स्वैच्छा से संपूर्ण हिसाब प्राप्त कर विपक्षी सं0 दो के समक्ष अपने–अपने त्यागपत्र प्रस्तुत कर स्वैच्छा से सेवाओं का परित्याग किया है।

उक्त समग्र विवेचन से यह पाया जाता हैं कि प्रार्थी यूनियन के सदस्य श्रमिकों द्वारा स्वेच्छा से विपक्षी सं0 दो के समक्ष त्यागपत्र प्रस्तुत किया गया– तत्पश्चात् अपना संपूर्ण हिसाब भी प्राप्त कर स्वेच्छा से सेवाओं का परित्याग किया गया है। ऐसी स्थिति में विपक्षीगण द्वारा उन्हें सेवा से हटाने के संबंध में की गई कार्यवाही को अवैध एवं अनुचित नहीं कहा जा सकता है। अतः प्रार्थी यूनियन के सदस्य श्रमिकगण विपक्षीगण से कोई अनुतोष प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

अतः भारत सरकार द्वारा प्रेषित विवाद का उत्तर इस प्रकार दिया जाता है–

प्रबंधक, अल्ट्राटेक सीमेंट,मै0 आदित्य सीमेंट वर्क्स, सावा–शंभूपुरा, जिला–चितौड के ठेकेदार मै0 जगदीश ट्रेडिंग कं0लि0 द्वारा ठेका श्रमिकगण (सर्व श्री नारायण लाल पुत्र श्री फउलाल एवं अन्य 101 श्रमिकगण को मई 2014 से नौकरी से हटाये जाने की कार्यवाही वैध एवं न्यायोचित है।

प्रार्थीगण किसी राहत का पाने के हकदार नहीं हैं।

पंचाट की प्रति भारत सरकार को प्रकाशनार्थ भेजी जाये।

पंचाट आज दिनांक 4.9.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सुशील कुमार शर्मा, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2092.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **हिंदुस्तान ज़िंक** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री चांदमल, नई जिंक आदर्श कर्मचारी वेलफेयर यूनियन** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा, पंचाट (रिफरेन्स न. 22/2015)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-27012/15/2015-आईआर(एम)]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2092.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 22/2015)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court, Bhilwada** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Hindustan Zinc** and **Shri Chandmal Through New Zinc Adarsh Employees Welfare Union** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-27012/15/2015-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

अनुलग्नक

:: श्रम न्यायालय, भीलवाड़ा ::

पीठासीन अधिकारीः **श्री सुशील कुमार शर्मा,** (जिला न्यायाधीश संवर्ग)

प्रकरण संख्या : 22 सन् 2015

श्री चांदमल पुत्र. श्री रामकिशन खाती, (मृतक) के बजाय– .

1.श्रीमती प्रेम देवी पत्नी चांदमल

2.श्री ओम प्रकाश पुत्र श्री चांदमल .

3.श्री नानू पुत्री चांदमल .

4.नीतू पुत्री चांदमल

5.शांति पुत्री चांदमल .

निवासीयान–ईटरिया, तह0–फुलियाकला, जिला–शाहपुरा।.

द्वारा– न्यू जिंक आदर्श कर्मचारी वेलफेयर यूनियन, .

सतपाल नगर, पो0–आगुचा, तह0–हुरडा, जिला–भीलवाडा।

..प्रार्थीगण

: **बनाम** :

प्रबंधक, हिन्दुस्तान जिंक लि., रामपुरा–आगुचा माईन्स, भीलवाडा।

..विपक्षी

उपस्थित :

श्री चितरंजन पांडे,अधिवक्ता–प्रार्थी की ओर से।

श्री आर.सी.चेचाणी,अधिवक्ता–विपक्षी की ओर से।

:: **पंचाट** :: दिनांक : 13.08.2024

प्रार्थी श्रमिक चांदमल ने विपक्षी के विरूद्ध सेवा पृथककरण बाबत अपना विवाद सुलह अधिकारी एवं सहायक श्रम आयुक्त (केन्द्रीय), अजमेर के समक्ष पेश किया, जहां कोई समझौता नहीं होने के कारण सुलह अधिकारी द्वारा दिनांक 5.1.2015 को अपना विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश करने के निर्देश प्रार्थी को दिये गये। तत्पश्चात् प्रार्थी ने औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 (जिसे पंचाट में आगे अधि0 1947 से सम्बोधित किया जायेगा) की धारा 2 (ए) के तहत यह विवाद इस न्यायालय के समक्ष पेश किया।

तत्पश्चात् श्रम मंत्रालय,भारत सरकार ने आदेश क्रमांक –L-27012/15/2015-IR[M] दिनांक 8.4.2015 के द्वारा अग्रलिखित विवाद इस न्यायालय को अधिनिर्णयार्थ प्रेषित किया–

Whether the action of the management of M/s. Hindustan Zink Ltd.,Rampura Agucha Mines, Bhilwara in terminating the services of Sh.Chandmal S/o Sh. Ramkishan Mali w.e.f.20.5.2011 is legal and justified? if not, what relief the workman is entitled to?

प्रार्थी की ओर से प्रस्तुत क्लेम प्रार्थना पत्र में यह अंकित किया गया है कि उसका चयन विपक्षी द्वारा खान अधि0,1952 के तहत चयन समिति द्वारा बतौर कारपेंटर किया गया तथा उसने दिनाक 1.2.1984 से विपक्षी संस्थान में कार्य करना प्रारंभ किया। तत्पश्चात् उसे एस.एम. कन्स्ट्रक्शन कंपनी व इसके बाद नारायण कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के निर्देशन में कार्य हेतु स्थानांतरित किया गया। जहां उसनें 19.5.2011 तक काम किया। उसे दिनाक 20.5.2011 को सेवा पृथक कर दिया गया। अधि0, 1947 की धारा 25–बी के तहत उसका नियोजन 'नियमित नियोजन' की तारीफ में आता है। खान में कार्य करने हेतु ठेकेदार व अन्य कंपनियां अंतराल से बदलती रहती है। ठेकेदार केवल सुपरवाईर ही है, नियोजक नहीं है। मास्टर कंपनी ही नियोजक है। उसे यूनियन की सदस्यता ग्रहण करने के कारण द्वेषतावश दिनाक 20.5.2011 से कार्य पर नहीं लिया गया। प्रार्थी ने समस्त वेतन परिलाभों सहित पुनः सेवा में पुनः नियोजित करवाने का निवेदन किया।

विपक्षी की ओर से जवाब पेश कर जाहिर किया गया कि उन्होंने प्रार्थी को कभी भी नियोजित नहीं किया। प्रार्थी ने शांतिस्वरूप कन्स्ट्रक्शन कंपनी व धनसार कंपनी के निर्देशन में कार्य करना बताया है, लेकिन उक्त कंपनी मामले में पक्षकार नहीं है। केन्द्र सरकार ने प्रार्थी व विपक्षी के मध्य नियोजक एवं नियोजिती के संबंध नहीं मानकर पक्षकारों के मध्य कोई औद्योगिक विवाद अस्तित्व में होना नहीं माना है, जिसे प्रार्थी ने चुनौती नहीं दी है। क्लेम प्रार्थना पत्र खारिज करने की प्रार्थना की गई।

दिनांक 24.11.2023 को प्रार्थी चांदमल की मृत्यु हो जाने के कारण उसके वारिसान–प्रेम देवी, ओम प्रकाश, नानू, नीतू व शांति को रिकार्ड पर लिया गया।

प्रार्थीगण की ओर से अनेक अवसर दिये जाने के बावजूद भी अपने समर्थन में कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई।

विपक्षी की ओर से भी कोई साक्ष्य पेश नहीं की गई।

बहस अंतिम सुनी गई। पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया।

बहस के दौरान अधिवक्ता प्रार्थी ने क्लेम प्रार्थना पत्र में उल्लेखित तथ्यों को दोहराते हुए वांछित अनुतोष दिलाने का निवेदन किया।

इसके विपरीत विपक्षी के अधिवक्ता ने यह बताया कि प्रार्थी उनका श्रमिक नहीं था। प्रार्थी व विपक्षी के मध्य श्रमिक–नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं।

हमनें संपूर्ण पत्रावली का अध्ययन किया और विचार किया।

सर्वप्रथम यहां यह देखना है कि क्या चांदमल व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध रहे हैं?

इस संबंध में हस्तगत प्रकरण पर विचार करें तो चांदमल ने अपने क्लेम प्रार्थनापत्र में यह कहा है कि उसे विपक्षी द्वारा कारपेंटर के पद पर चयनित कर नियोजन में रखा–तत्पश्चात् एस.एम. कन्स्ट्रक्शन कंपनी व इसके बाद नारायण कन्स्ट्रक्शन कं0 कंपनी के निर्देशन में कार्य करने के लिए स्थानांतरित किया गया। उसने विपक्षी के अधीन दिनांक 1.2.1984 से 19.5.2011 तक काम किया तथा बिना कोई कारण बताये चांदमल को विपक्षी ने दिनांक 20.5.2011 को सेवा से पृथक कर दिया, लेकिन इन अभिकथनो के समर्थन में प्रार्थी चांदमल (अब मृतक) अपने जीवनकाल में बतौर गवाह अनेक अवसर दिये जाने के बावजूद भी न्यायालय में हाजिर नहीं आया था और न उसके वारिसान ही बतौर गवाह न्यायालय में हाजिर आए हैं। प्रार्थी चांदमल की मृत्यु प्रकरण के विचराधीन रहने के दौरान दिनांक 24.11.2023 को हो गई है। अतः ऐसी स्थिति में उसके द्वारा क्लेम प्रार्थनापत्र में किये गये अभिवचनों को विश्वसनीय नहीं माना जा सकता है और यह माना जा सकता है कि मृतक चांदमल के वारियान भी उसके द्वारा क्लेम प्रार्थनापत्र में किये गये अभिवचनो से सहमत नहीं है। ऐसी स्थिति में मृतक चांदमल व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध स्थापित होना भी साबित नहीं पाया जाता है। विपक्षी ने अपने जवाब में भी स्पष्ट रूप से कहा है कि प्रार्थी उनके नियोजन में कभी भी कार्यरत नहीं रहा है। प्रार्थी अपने जीवनकाल में भी बतौर गवाह अनेक अवसर दिये जाने के बावजूद भी न्यायालय में हाजिर नहीं आया था और न उसके वारिसान हाजिर आ रहे है। अतः मृतक चांदमल को विपक्षी के द्वारा दिनांक 20.5.2011 को अवैध रूप से सेवा से पृथक किया जाना साबित नहीं पाया जाता है। ऐसी स्थिति में मृतक चांदमल के वारिसान कोई राहत प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है।

:: आदेश ::

अतः उक्त विवेचन के आधार पर यह आदेश दिया जाता है कि मृतक चांदमल व विपक्षी के मध्य श्रमिक– नियोजक के संबंध नहीं रहे हैं तथा उसे विपक्षी ने दिनांक 20.5.2011 को सेवा से पृथक नहीं किया था। मृतक चांदमल के वारिसान विपक्षी से कोई राहत प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हैं।

पंचाट की प्रति केन्द्र सरकार को प्रकाशनार्थ भेजी जाये।

पंचाट आज दिनांक 13.8.2024 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

सुशील कुमार शर्मा, न्यायाधीश

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2093.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **मेसर्स मचाडो एंड संस एजेंट एंड स्टेवेदोरेस प्राइवेट लिमिटेड** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **यूनाइटेड माइन वर्कर्स यूनियन** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जबलपुर, पंचाट (रिफरेन्स न. 23/2014)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-29011/55/2013-आईआर(एम)]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2093.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 23/2014)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court-2, Mumbai** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Machado & Sons Agent & Stevedores Pvt. Ltd.** and **United Mine Workers Union** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-29011/55/2013-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL NO.2, MUMBAI

PRESENT

SHRIKANT K. DESHPANDE

Presiding Officer

REFERENCE NO. CGIT-2/23 of 2014

EMPLOYERS IN RELATION TO THE MANAGEMENT OF

M/S. MACHADO & SONS

AGENT & STEVEDORES PVT. LTD.

Q-9/10, 2nd Floor, Tilak Commercial Complex,

Vasco-Da-Gama, Goa

Goa.

AND

THEIR WORKMEN.

UNITED MINE WORKERS UNION

The General Secretary,

United Mine Workers Union,

G-5, Macedo Apartment,

Tisk, Ponda, Goa

Goa.

APPEARANCES:

Party No. 1	:	Mr. Prasanna C. Chawdikar
		Advocate
Party No. 2	:	Mr. P. Gaonkar
		Representative

AWARD

Camp Goa

(Delivered on 24-09-2024)

1. This Reference has been made by the Central Government in exercise of powers under clause (d) of sub-section (1) and sub- section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947, vide Government of India, Ministry of Labour & Employment, New Delhi, order No. L-29011/55/2013-IR (M) dated 19.02.2014. The terms of reference given in the schedule are as follows:

`Whether the action of M/s. Machado & Sons Agent & Stevedores Pvt. Ltd. to retrench Sh. Sudhir Vishwanath Surlkar, Mechanic is legal and justified? If not, what relief the workman is entitled to?`

2. Read Ex-22, consent term filed before the court. Verified the Second Party in presence of his representative. The counsel for the First Party present before the court. It seems that, the parties have settled their claim amicably out of the court as per consent term Ex-22 accordingly the Party No. 2 accepted the Cheque of Rs. 30903/-.

In view of this, the Reference is disposed off as settled. The Party No. 2 is not entitled to relief. No order as to costs.

Hence, I pass the following Award-

AWARD

i. The Reference is answered in the negative.

ii. The Party No. 2 is not entitled for any relief as prayed.

iii. No order as to costs.

iv. The copy of Award be sent to the Government.

Camp Goa

Date: 24-09-2024

SHRIKANT K. DESHPANDE, Presiding Officer

दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2094.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **मेसर्स भिलाई स्टील प्लांट** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **भिलाई इस्पात कर्मचारी यूनियन; मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक); इस्पात श्रमिक मंच** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय, जबलपुर, पंचाट (रिफरेन्स न. 15/2017)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-26011/28/2016-आईआर(एम)]

दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2094.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 15/2017)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court, Jabalpur** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s Bhilai Steel Plant** and **Bhilai Ispat Karmachari Union; Metal Mines Workers Union (INTUC); Ispat Shramik Manch** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-26011/28/2016-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

ANNEXURE

THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL CUM LABOUR COURT, JABALPUR

NO. CGIT/LC/R/15/2017

Present: P.K.Srivastava

H.J.S..(Retd)

1. **The Dy. General Secretary,**
   Bhilai Ispat Karmachari Union,
   2/A, Street-29, Sector-04, Bhilai Nagar,
   Dist. Durg (C.G.) – 490 001
2. **The President,**
   Metal Mines Workers Union (INTUC),
   Qtr. No. 6A, Street-37B, Sector-7,
   Bhilai Nagar, Dist. – Durg (C.G.) – 490 006
3. **The Dy. General Secretary,**
   Ispat Shramik Manch, Qtr. No. 11/D,
   Street Avenue-E, Sector-6, Bhilai,
   Dit- Durg (C.G.) – 490 006

Workman

Vs

The Executive Director,
M/s Bhilai Steel Plant,
Bhilai, Dist. Durg (C.G.) – 490 001

Management

(J U D G EM E N T)

(Passed on this 23rd day of September-2024)

As per letter dated 13/02/2017 by the Government of India, Ministry of Labour, New Delhi, the reference is received. The reference is made to this Tribunal under Section-10 of Industrial Disputes Act, 1947 (in short the 'Act') as per Notification No. L-26011/28/2016-IR (M) dt. 13/02/2017. The dispute under reference relates to:

"Whether, the action of the management of Bhilai Steel Plant in respect of non-implementing promotion policy from 2010 onwards for Non-Executive to Executive Cadre is legal and justified? If not, what relief the workmen are entitled to?"

After registering a case on the basis of the reference received, notices were sent to the parties and were duly served. Both the parties appeared and filed their respective statement of claim and defense.

The skeletal facts, relevant to the controversy, are mainly that admittedly, the applicant workmen are the employees of management working in Non-Executive Cadre. A promotion policy was announced and rules there under were framed by management for promotion from Non-Executive Cadre to Executive Cadre on 30.01.2008, amended on 21.02.2008. According to this promotion policy promotion from Non-Executive Cadre to Executive Cadre was to be done after a written examination of eligible candidates working in the Non-Executive Cadre. To be taken very subsequent here that is once in two years and 10% of the persons working in the Non-Executive Cadre were to be promoted in Executive Cadre on the basis of this selection process. Case of the applicants is that first examination for this promotion was held in 2010. Thereafter, it was to be held in 2012, 2014 and 2016 but management did not conduct any such examination resulting into loss of opportunities to the eligible candidates hence depriving them from promotion. Later on, the management revised its promotion policy and amended the rules reducing the quota for promotion from Non-Executive Cadre to Executive Cadre from 10% to 2%. According to the workmen union, this action of management is arbitrary, malafide, illegal and unjustified and is unfair labor practice. The workman side has thus requested that holding the action of management in not implementing promotion policy from 2010 onward for Non-Executive to Executive Cadre is arbitrary, against law and unjustified. The eligible workman be held entitled to promotion.

Management has defended the action of changing the rules and reducing the quota from 10% to 2% i.e. not conducting the examination/ selection process in the years 2012, 2014 and 2016 under the rules with the case that being employer, they are at liberty to change the rules and limit the quota.

Both the sides have filed affidavits and document which are admitted and to be referred as when required.

Have heard argument of Advocate Shri K.B. Singh learned Counsel for the workmen union and Shri R.C. Shrivastava learned counsel for management. Parties have filed their written arguments also have gone through the written arguments as well the record.

On perusal of record in the light of rival arguments reveals following issue for consideration.

"***Whether the action of non-conducting the examination/ selection process in the year 2012, 2014 and 2016 and not promoting eligible candidates/workmen from non-Executive Cadre to Executive Cadre as per quota provided in the 2008 rules in this respect by the management and reducing the quota from 10% to 2% under 2018 rules a well applying it retrospectively is justified in law.***"

For the sake of convenience, the 2010 and 2018 rules, relevant questions required to be referred here and are being reproduced as follows:

2008 Rules-

4.0 <u>Selection Procedure</u>

4.1 **<u>Inviting Applications</u>**

4.1.1 Applications from the eligible candidates will be invited through a circular. The applications will be accepted at the respective plant/units on line as per the format enclosed as Annexure-III. The plant/units will forward the data to MTI for compilation and onward transfer to the agency selected to conduct the written test. The candidate would be required to submit the undertaking at the time of interview.

4.2 **<u>Conduct of Written Test :</u>**

4.2.1 The written test will be of objective type and the qualification wise broad structure would be as under :-

Qualification category	Broad Test Segments
Technical	
Degree in Engineering or equivalent Diploma in Engineering/ B.Sc. (PCM) or equivalent	General/ Company awareness Managerial Ability General Plant Operation Engineering
Matric/Matric+ITI	General/ Company awareness Managerial Ability General Plant Awareness
Non-Technical	
(i) Specified Professional qualification. (ii) Graduates or equivalent	General/ Company awareness Managerial Ability General Functional Management

4.2.2 The written test will be conducted at plants/units centrally by an external agency and MTI will function as an overall coordinating agency.

4.2.3 Employees of Plants/Units who are posted at other plant/unit locations can be appear in the written test at respective plant/unit location.

4.3 Qualifying criteria in Written Test and calling for Interview:

4.3.1 To qualify in the written test, candidates will have to obtain a minimum of 40% marks in each of the test segment (30% for SC/ST candidates). Based on the marks obtained in the written test a merit list will be prepared, separate for each qualification segment. Those candidates who will qualify in the written test will be called for interview in the ration of 1:14 in order of merit. In case there is more than one candidate with the same merit point and within the zone of consideration, all of them will be called for interview.

5.0 Number of Promotions

5.1 **The number of promotion within a plant/unit will be maximum 10% of the total number of applicants. Within the overall number of promotions so decided, plant/unit can decide the area wise distribution of candidates as per requirements.(emphasis supplied)**

5.2 While effecting the promotions plant/unit may keep the number of promotions restricted in non-technical stream to 25% of total promotions.

5.3 In technical stream also the number of promotions to employees having eligibility due to minimum qualification of Matric/Matric+ITI may be kept to 10% of the total promotions in technical stream.

5.4 However, if sufficient numbers of SC/ST candidates are not available within the above upper limits, plants/units can relax these conditions for SC/ST candidates to meet the reservation requirements.

2018 Rules –

5.0 **NUMBER OF PROMOTIONS**

5.1 'The number of promotions in a plant/unit would not be more than 2% of the total employee strength in S-6 to S-11 grades on the 1st day of the month of notification, in the respective plant/unit.' Within the overall number of promotions so decided, plant/unit can decide the stream wise distribution of candidates as per requirement.

Learned counsel for the workmen union has submitted that it is incumbent on the management to follow rules framed by it and accordingly conduct examinations/ selection process by way of promotion of Non-Executive to Executive Cadre as per the quota of 10% provided in the 2008 rules and the rule amended in 2018 cannot be applied retrospectively hence, since the workmen in Non-Executive Cadre who were eligible and willing to undergo selection process regarding 10% of posts in Executive Cadre in the light of rules of 2008 were entitled to this opportunity and action of management by not providing this opportunity to eligible workmen by way of not conducting examination/ selection process in 2012, 2014 and 2016 according to the rules is nothing but malafide, arbitrary and illegal. Any amended rule will come into force from date it comes into operation and not retrospectively learned counsel has referred to following decisions in this respect.

1. ***Home Secretary U.T. of Chandigarh and Others Vs Singh Agrawal and Others (1993) 4 SCC 25 – held –*** *policy guidelines are binding till all as they are relatable to the executive power of Chandigarh administration it is axiomatic that having policy of general application and having communicated it to all concerns, the administration is bound of it. It could of-course change policy but till that is done, it is bound to adhere to it.*

2. ***Virendra S Hooda and others Vs State of Haryana and Others (1999) 3 SCC 696-held-*** *policy decision is binding if not contrary to rules.*

3. National Building Construction Corporation Vs S. Raghunathan (1998) 7 SCC 66 referred paragraphs are as follows-

This extract is taken from *National Buildings Construction Corpn. v. S. Raghunathan*, (1998) 7 SCC 66 : 1998 SCC (L&S) 1770 at page 75

The relevant paragraphs are being reproduced as follows-

"18. *The doctrine of "legitimate expectation" has its genesis in the field of administrative law. The Government and its departments, in administering the affairs of the country, are expected to honour their statements of policy or intention and treat the citizens with full personal consideration without any iota of abuse of discretion. The policy statements cannot be disregarded unfairly or applied selectively. Unfairness in the form of unreasonableness is akin to violation of natural justice. It was in this context that the doctrine of "legitimate expectation" was evolved which has today become a source of substantive as well as procedural rights. But claims based on "legitimate expectation" have been held to require reliance on representations and resulting detriment to the claimant in the same way as claims based on promissory estoppel."*

19. *Lord Scarman in R. v. IRC, ex p Preston [1985 AC 835 : (1985) 2 All ER 327 : (1985) 2 WLR 836, HL] laid down emphatically that unfairness in the purported exercise of power can amount to an abuse or excess of power. Thus the doctrine of "legitimate expectation" has been developed, both in the context of reasonableness and in the context of natural justice.*

20. *Lord Diplock in* ***Council of Civil Service Unions v. Minister for the Civil Service*** *[1985 AC 374 : (1984) 3 All ER 935 : (1984) 3 WLR 1174, HL] laid down that the doctrine of "legitimate expectation" can be invoked if the decision which is challenged in the court has some person aggrieved either (a) by altering rights or obligations of that person which are enforceable by or against him in private law; or (b) by depriving him of some benefit or advantage which either (i) he had in the past been permitted by the decision-maker to enjoy and which he can legitimately expect to be permitted to continue to do until there has been communicated to him some rational grounds for withdrawing it on which he has been given an opportunity to comment; or (ii) he has received assurance from the decision-maker that it will not be withdrawn without giving him first an opportunity of advancing reasons for contending that it should not be withdrawn.*

(emphasis supplied)

21. *The Indian scenario in the field of "legitimate expectation" is not different. In fact, this Court, in several of its decisions, has explained the doctrine in no uncertain terms.*

22. *In* ***Navjyoti Coop. Group Housing Society v. Union of India [(1992) 4 SCC 477] the decision of the House of Lords in Council of Civil Service Unions v. Minister for the Civil Service [1985 AC 374 : (1984) 3 All ER 935 : (1984) 3 WLR 1174, HL]*** *was followed and that decision was summarised in the following words: (SCC p. 494, para 15)*

"It has been held in the said decision that an aggrieved person was entitled to judicial review if he could show that a decision of the public authority affected him of some benefit or advantage which in the past he had been permitted to enjoy and which he legitimately expected to be permitted to continue to enjoy either until he was given reasons for withdrawal and the opportunity to comment on such reasons."

23. *This Court further observed as under:* ***(SCC pp. 494-95, paras 15 and 16)***

"The existence of 'legitimate expectation' may have a number of different consequences and one of such consequences is that the authority ought not to act to defeat the 'legitimate expectation' without some overriding reason of public policy to justify its doing so. In a case of 'legitimate expectation' if the authority proposes to defeat a person's 'legitimate expectation' it should afford him an opportunity to make representations in the matter.

It may be indicated here that the doctrine of 'legitimate expectation' imposes in essence a duty on public authority to act fairly by taking into consideration all relevant factors relating to such 'legitimate expectation'. Within the conspectus of fair dealing in case of 'legitimate expectation', the reasonable opportunities to make representation by the parties likely to be affected by any change of consistent past policy, come in."

24. ***In Food Corpn. of India v. Kamdhenu Cattle Feed Industries [(1993) 1 SCC 71]*** *it was held that in all State actions, the State has to conform to Article 14 of the Constitution of which non-arbitrariness is a significant facet. It was further observed that there is no unfettered*

discretion in public law and a public authority possesses powers only to use them for public good. It was further observed as under: ***(SCC p. 76, para 8)***

"The mere reasonable or legitimate expectation of a citizen, in such a situation, may not by itself be a distinct enforceable right, but failure to consider and give due weight to it may render the decision arbitrary, and this is how the requirement of due consideration of a legitimate expectation forms part of the principle of non-arbitrariness, a necessary concomitant of the rule of law. Every legitimate expectation is a relevant factor requiring due consideration in a fair decision-making process. ***Whether the expectation of the claimant is reasonable or legitimate in the context is a question of fact in each case. Whenever the question arises, it is to be determined not according to the claimant's perception but in larger public interest wherein other more important considerations may outweigh what would otherwise have been the legitimate expectation of the claimant****. A bona fide decision of the public authority reached in this manner would satisfy the requirement of non-arbitrariness and withstand judicial scrutiny. The doctrine of legitimate expectation gets assimilated in the rule of law and operates in our legal system in this manner and to this extent."*

(emphasis supplied)

"25. *In* ***Union of India v. Hindustan Development Corpn. [(1993) 3 SCC 499]*** *the meaning of the words "legitimate expectation" was again considered. Quoting from the case of* ***Attorney General for New South Wales v. Quin [(1990) 64 Aust LJR 327]*** *the following lines:*

"To strike down the exercise of administrative power solely on the ground of adrift on a featureless sea of pragmatism. Moreover, the notion of a legitimate expectation (falling short of a legal right) is too nebulous to form a basis for invalidating the exercise of a power when its exercise otherwise accords with law."

The Court observed as under: (SCC p. 549, para 35)

"If a denial of legitimate expectation in a given case amounts to denial of right guaranteed or is arbitrary, discriminatory, unfair or biased, gross abuse of power or violation of principles of natural justice, the same can be questioned on the well-known grounds attracting Article 14 but a claim ***based on mere legitimate expectation without anything more cannot ipso facto give a right to invoke these principles.*** *It can be one of the grounds to consider but the court must lift the veil and see whether the decision is violative of these principles warranting interference.* ***It depends very much on the facts and the recognised general principles of administrative law applicable to such facts and the concept of legitimate expectation which is the latest recruit to a long list of concepts fashioned by the courts for the review of administrative action, must be restricted to the general legal limitations applicable and binding the manner of the future exercise of administrative power in a particular case.*** *It follows that the concept of legitimate expectation is 'not the key which unlocks the treasury of natural justice and it ought not to unlock the gates which shuts the court out of review on the merits', particularly when the element of speculation and uncertainty is inherent in that very concept."*

26. *This doctrine was reiterated in* ***M.P. Oil Extraction v. State of M.P. [(1997) 7 SCC 592]*** *in which it was also laid down that though the doctrine of "legitimate expectation" is essentially procedural in character and assures fair play in administrative action, it may, in a given situation, be enforced as a substantive right."*

On the other hand, Ld. Counsel for management has submitted that employee has no right to be promoted and promotion or grant of promotion is within the realm of management. This argument is misconceived. No doubt no employee has an inherit right to be promoted but every employee has right to be considered have promotion in the light of rules provocation for this.

Hence, in the light of above discussion and principle of law laid down in the aforesaid judgments, the applicant workers in the Non-Executive Cadre had right to be considered for promotion according to the extant rule of 2008 management was required in law to conduct examination for promotion from Non-Executive Cadre to Executive Cadre within every two years and also 10% of the workers in Non-Executive Cadre were to be promoted to Executive Cadre by way of the promotion process mentioned in 2008 rules. Since the amended rules of 2018 first did not provide that it were to be effective retrospectively hence they will be effective prospectively that is from the date these rules were notified and become effective. Thus the action of management in not conducting examination/ promotion process for promotion of the workman in Non-Executive Cadre to Executive Cadre in the way as provided in 2008 rules and not promoting these workmen to their extant of quota which was 10% is nothing but arbitrary, unjust and malafide which can be sustain in law.

Hence, holding the action of management unjust, illegal and malafide the applicant workmen are held entitled to be given opportunity to appear in a examination which was to be conducted in 2012, 2014 and 2016 by management under 2008 rules and management of Bhilai Steel Plant is held under obligation to conduct this exam

within three months from the date of obligation of award. In the light of 2008 Rules and amended promotion of illegible applicants as per rules mentioned above.

In the light of above discussion the reference is answered as follows.

AWARD

Holding the action of management of Bhilai Steel Plant in respect of Non implementing promotion policy from 2010 onward for non-executive to Executive Cadre against law and unjustified as well arbitrary, the applicant workmen are held entitled to be given opportunity to appear in a exam which was to be conducted in 2012, 2014 and 2016 by management under 2008 rules and management of Bhilai Steel Plant is held under obligation to conduct this exam within three months from the date of obligation of award.

DATE:- 23/09/2024

P. K. SRIVASTAVA, Presiding Officer

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2095.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **मेसर्स ओएनजीसी लिमिटेड; मेसर्स इ टी ए इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **ओएनजीसी कॉन्ट्रैक्ट एम्पलॉईस यूनियन** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय-1, नई दिल्ली, पंचाट (रिफरेन्स न. 50/2020)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

[सं. एल-30011/8/2020-आईआर(एम)]
दिलीप कुमार, अवर सचिव

New Delhi, the 7th November, 2024

S.O. 2095.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Dispute Act, 1947 (14 of 1947), the Central Government hereby publishes the award **(Reference No. 50/2020)** of the **Central Government Industrial Tribunal cum Labour Court-1, New Delhi** as shown in the Annexure, in the Industrial dispute between the employers in relation to **M/s ONGC Limited; M/s ETA Engineering Pvt. Ltd.** and **ONGC Contract Employees Union** which was received along with soft copy of the award by the Central Government on 07.11.2024.

[No. L-30011/8/2020-IR(M)]

DILIP KUMAR, Under Secy.

ANNEXURE

THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL CUM LABOUR COURT DELHI NO.1 NEW DELHI.

ID.No. 50/2020

The General Secretary,
ONGC Contract Employees Union,
15, Sewak Ashram Road, Dehradun (UK). …… . .Workman

Versus

1. The General Manager (IR),
   M/s ONGC Ltd.,
   Green Hills, Dehradun (UK).
2. The General Manager (Electrical Deptt.),
   M/s ONGC Ltd.,
   Shed No. 28, Tel Bhawan, Dehradun (UK).
3. The Director,
   M/s ETA Engineering PVT. Ltd.
   B-13, Sector-63, Noida (UP)- 201307.

……..Management

AWARD

In the present case, a reference was received from the appropriate Government vide letter No. L-30011/8/2020 (IR(M)) dated 14/07/2020 under clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Act, for adjudication of a dispute, terms of which are as under:

SCHEDULE

"Whether the management (ONGC Ltd. & ETA Engg Ltd) has violated the provisions contained under the contract agreement in denying the benefits of fair wage policy to its workmen on the given contract? If so, what directions can be given to the management parties for extending benefit of fair wage policy now?"

2. Both parties were put to notice and the claimant filed the claim statement.

3. However, the matter has been amicably settled between the parties.

4. The claimant vide separate statement made before this Tribunal on 16.10.2024 stated that he has settled the matter with the management, as such, it is held that the claim/ dispute of the workman/claimant stands finally settled. Award is passed accordingly.

5.. Let a copy of this Award be sent for publication as required under Section 17 of Act.

Justice VIKAS KUNVAR SRIVASTAVA **,** Presiding Officer

नई दिल्ली, 7 नवम्बर, 2024

का.आ. 2096.—औद्योगिक विवाद अधिनियम (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार **इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड; मेसर्स पेट्रोलियम एंड नेचुरल गैस** के प्रबंधतंत्र के संबद्ध नियोजकों और **श्री सुरेश** के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट **केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं श्रम न्यायालय-1, चंडीगढ़, पंचाट (रिफरेन्स न.-215/2013)** को जैसा कि अनुलग्नक में दिखाया गया है, प्रकाशित करती है जो केन्द्रीय सरकार को सॉफ्ट कॉपी के साथ 07.11.2024 को प्राप्त हुआ था।

